
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-04-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 04-09-2026 00:05 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 > चैत्र 19 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण सप्तमी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 83 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स



सीज़फायर के बाद ईरान के कई शहरों में जश्न


भारत सरकार

अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan

CBC 22201/13/0005/2627

33% महिला आरक्षण
लोकसभा और
राज्य विधानसभाओं में,
अब देश के निर्णयों में
नारी की भागीदारी



अब
सशस्त्र बलों में बेटियों को
स्थायी कमीशन

भारत के 48%
मान्यता-प्राप्त स्टार्टअप्स
में कम से कम
एक महिला डायरेक्टर


खबरों के अंदर की बात
**NBT Lens**
देखें पेज 2, 4, 11, 13 और 14

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,562.90 (+2,946.32) |
| निफ्टी | 23,997.35 (+873.70) |
| रु/यूएस डॉलर | 92.55 (-0.40) |
| रु/यूरो | 108.19 (+0.93) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
दिल्ली ₹1,56,400 (+3,200)
चांदी .999 टंच प्रति किलो
दिल्ली ₹2,51,000 (+11,000)
स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.2°
16.8° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त गुरुवार 6:43 | सूर्योदय शुक्रवार 6:01
आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 31 डिग्री रह सकता है।

# असभ्यता पर अल्प-विराम

## पाक की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान दो हफ्ते के सीज़फायर पर राज़ी

■ **एपी, वॉशिंगटन/तेहरान:** इस रात सब बेचैनी के साथ सोए थे, कोई अलार्म लगाकर तो कोई बार-बार न्यूज अपडेट देखकर, लेकिन सुबह हुई तो उम्मीद की किरण भी नजर आ गई। सभ्यता को मिटा देने वाली धमकी से विश्व आगे बढ़ गया और युद्ध की असभ्यता पर विराम लगाने पर सहमति बन गई, शुरुआत भले ही दो हफ्ते के पॉज से हुई है।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुई जंग में 3700 से ज्यादा मौतों के बाद 40वें दिन राहत की खबर आई। अमेरिका और ईरान दो हफ्तों के सीज़फायर पर सहमत हो गए। पाकिस्तान की मध्यस्थता और आखिरी समय में चीन के दखल के बाद यह संभव हो पाया। होर्मुज समुद्री गलियारा खोलने और डील के लिए ईरान पर ट्रंप की डेडलाइन भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह 5:30 बजे खत्म हो रही थी। इससे ठीक 10 मिनट पहले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ऐलान किया कि सीज़फायर तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। फिर ट्रंप ने ऐलान किया कि शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से बातचीत के बाद अमेरिका सीज़फायर को राजी हुआ है। ईरान ने भी मंजूरी देते हुए कहा कि हमारी शर्तें मान ली गई हैं।

**ईरान पर ट्रंप की डेडलाइन खत्म होने से 10 मिनट पहले हुआ समझौते का ऐलान**

पाकिस्तान ने जिस सीज़फायर का ऐलान किया, उसमें लेबनान में भी हमले रोकने थे, लेकिन इस्राइल ने हमले जारी रखे। बुधवार को ही 254 मौतें हुईं। नाराज ईरान ने होर्मुज फिर बंद कर दिया, कहा कि सीज़फायर तोड़ सकते हैं। ▸▸ पेज 10

## ...लेकिन लेबनान पर इस्राइली हमले, नाराज़ ईरान ने होर्मुज़ फिर बंद किया



AP

लेबनान में बुधवार को इस्राइल के हमले में 250 से ज्यादा मौतें हुईं।

**वॉर अपडेट**

- शांति की उम्मीद में कच्चे तेल की कीमतें 15% तक गिरकर 94 डॉलर/ बैरल से नीचे आ गईं। जंग के दौरान यह 120 डॉलर तक पहुंच गई थी।
- दुनियाभर के शेयर बाजारों ने ऊंची छलांग लगाई। सेंसेक्स 2946 अंक चढ़ा। पांच साल में सबसे बड़ी उछाल।
- रुपया 47 पैसे मजबूत हुआ। डॉलर के मुकाबले कई एशियाई करंसी में उछाल रहा। सोना-चांदी भी चमके।

### ईरान ने कहा, अमेरिका ने हमारी सभी शर्तें मानी


**ईरान ने** जो शर्तें गिनाईं, उनमें अमेरिका और इस्राइल बमबारी रोकें, सभी प्रतिबंध हटें, जब्त संपत्ति की वापसी हो, अस्थायी सीज़फायर स्थायी शांति में बदले, होर्मुज से गुजरने वाले जहाज टोल दें, यूरेनियम एनरिचमेंट जारी रहे, इस्राइल हिज्बुल्लाह और हूती के खिलाफ हमले बंद करे।

### अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शनिवार को

**पाकिस्तानी** पीएम शहबाज शरीफ ने कहा, अमेरिका-ईरान ने इस्लामाबाद में सीधी बातचीत का न्योता मान लिया है। इसके बाद, वाइट हाउस ने कहा कि यह बातचीत शनिवार को होगी और उपराष्ट्रपति जेडी वांस अगुवाई करेंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मो. बाकर गालिबाफ बैठक में शामिल हो सकते हैं।

### अगर सब ठीक रहा तो...

- युद्धविराम अस्थायी है, लेकिन इससे दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिये स्थायी शांति का रास्ता खुल सकता है। होर्मुज का समुद्री गलियारा खुलने से दुनियाभर को राहत मिलेगी। तेल कीमतों में गिरावट अच्छी खबर है। महंगाई के साथ मंदी का डर खत्म होना चाहिए।
- भारत को भी महंगाई से तुरंत राहत मिलेगी, लेकिन ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता के लिए मौजूदा स्रोतों में विविधता लानी होगी।
- ईरान में मौजूदा सत्ता मजबूत होगी। समर्थकों जैसे हिज्बुल्लाह और हूती की ताकत भी बेहतर दिखी।
- अमेरिका इसे एकतरफा जीत कह रहा है, लेकिन यह ट्रंप के लिए 'एग्जिट रूट' की तरह भी है, जिससे वह बड़े युद्ध में फंसने से बच गए। इस्राइल में नेतन्याहू के लिए चुनौतियां बढ़ेंगी।



- पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में उभरा, उसकी भूमिका को यूएस और ईरान ने भी माना। भारत ने न किसी से दोस्ती, ना किसी से बैर की नीति रखी, जो लॉन्ग टर्म में उसे फायदा देती है।
- पाकिस्तानी प्लान में लेबनान में भी हमले रोकने थे, इस्राइल ने इसे नहीं माना। ट्रंप ने भी कहा कि लेबनान डील का हिस्सा नहीं है।
- खाड़ी (GCC) देशों की सेफ इमेज को झटका लगा है। आगे भी ईरान के हमलों का डर रहेगा। US पर से इनका भरोसा भी डिगा है।




**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in